हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026

11 निबंध लेखन में गरिमा और शानवी ने मारी बाजी



12 गांव पालुवास में जनस्वास्थ्य विभाग ने की छापेमारी



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING — 2 Years GNM Pass
GNM — 3 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
ANM — 2 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING — 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933

केवल नाम ही काफी है...
रॉयल सागर चाय
REQUIRED : SALES PERSON
Mob: 92152-43212

## स्वास्थ्य मंत्री से बातचीत के लिए बुलाए जाने की मांग

# मांगों को लेकर गरजीं आशा वर्कर्स, शहर में निकाला जुलूस

एसआईआर का कार्य करवाने और बीएलओ की ड्यूटी देने से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को आशा वर्कर्स ने शहर में जुलूस निकाला। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में सीएमओ के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। साथ ही आशा वर्कर्स ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे आंदोलन चलाने पर मजबूर होंगी।

मांगों को लेकर आशा वर्कर्स नेहरू पार्क में एकत्रित हुई। उसके बाद आशा वर्कर जुलूस की शक्ल में घंटाघर चौक होते हुए सीएमओ कार्यालय पहुंची। इससे पूर्व नेहरू पार्क में एकत्रित आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए सुशीला ने बताया कि उनसे एसआईआर का कार्य करवाया जा रहा है। उनको बीएलओ की ड्यूटी दी जा रही है। जबकि उनके पास एसआईआर से संबंधित कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया है और न ही एसआईआर की कोई जानकारी है। इसमें अनेक तरह के कॉलम है। जिसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए।



भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करती आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

यह गलत कार्य है। इनके अलावा उनका कटा हुआ वेतन जल्द दिलाया जाए, जिन बहनों को टर्मिनेट किया गया है उनकी वापसी कराई जाए। वर्ष 2024 में केंद्र सरकार ने 15 सौ रुपये लागू किए थे। लागू करवाने की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी हे,लेकिन आज तक उनको उक्त राशि नहीं दी जा रही है। सेवानिवृत्ति के सभी लाभ उनको मिले, प्रसूति के अवकाश अन्य विभागों में तैनात महिला कर्मचारियों को दिए जा रहे हैं। वे आशा वर्कर्स को भी दिए जाए। बीमार कोई भी हो सकता है, किसी को भी कार्य हो सकता है। आशा वर्कर को इन सुविधाओं से महरूम क्यो किया जा रहा है। सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाना निहायत जरूरी है। साथ में उन पर ऑन लाइन कार्य करने का दबाव दिया जा रहा है, वह बंद किया जाए,ताकि जो उनके नियमित कार्य कर सके। इस तरह के दबाव में उनके कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहे है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने दो बार उनसे बातचीत का समय दिया,लेकिन उनसे बातचीत नहीं की गई। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से बातचीत के लिए बुलाए जाने की मांग की और कहा कि अगर उनको बातचीत के लिए नहीं बुलाया जाता तो वे 21 जुलाई को पंचकूला में होने वाले प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेंगी। एक अन्य प्रदर्शनकारी महिला ने बताया कि विगत में प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता हुआ था और 2024 में केंद्र सरकार ने आशा वर्कर्स को 15 सौ की बढ़ौतरी की घोषणा की थी,लेकिन आज तक न तो समझौता लागू किया गया और न ही केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए 15 सौ रुपये प्रतिमाह मिल पा रहे हैं साथ ही 70 दिनों का काटा गया वेतन भी जारी नहीं किया गया है। जिससे उनमें जबरदस्त रोष व्याप्त है।

# वेतन वृद्धि का लाभ न मिलने से क्लर्कों में रोष

हेमसा ने दिया दो दिन का अल्टीमेटम डीईओ को सौंपा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अतिरिक्त वेतन वृद्धि का इंतजार कर रहे शिक्षा विभाग के क्लर्कों का सब्र अब जवाब देने लगा है। वित्त विभाग के आदेश जारी होने के 11 दिन बाद भी पात्र क्लर्कों का वेतन निर्धारण नहीं होने और अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ न मिलने से कर्मचारियों में भारी रोष है। आरोप है कि वित्त विभाग के आदेशों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय की ओर से केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं।

सर्व कर्मचारी संघ से संबद्ध हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन (हेमसा) के जिला प्रधान सुकेश कुमार और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल चंद्र सरोहा ने डीईओ के माध्यम से निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के नाम नोटिस सौंपा। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश 30 जून 2026 के अनुसार वर्ष 2020 बैच से पूर्व के वरिष्ठ क्लर्कों को तीन अतिरिक्त वेतन वृद्धि तथा वर्ष 2020 बैच के क्लर्कों को दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाना है। हेमसा पदाधिकारियों का कहना है कि आदेश जारी होने के बावजूद डीईओ कार्यालय में वेतन निर्धारण और अतिरिक्त वेतन वृद्धि से संबंधित मामले लंबित पड़े हैं। अभी तक किसी भी पात्र कर्मचारी का वेतन पुनर्निर्धारित नहीं किया गया है, जिससे शिक्षा विभाग के क्लर्कों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।उन्होंने बताया कि हेमसा की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को नोटिस भेजकर चेतावनी दी गई है कि यदि दो दिनों के भीतर पात्र क्लर्कों का वेतन निर्धारण कर अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया गया, तो जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन और पड़ाव शुरू किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अधीक्षक सुरेंद्र मलिक, सत्या देवी, सहदेव रांगा, सरोज रानी, विनय कुमार, आनंद सिंह, राजकुमार शर्मा, नरेंद्र, राजेश सांगवान, कृष्ण रूपाणा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य मंत्री आरती राव 11 को भिवानी में

**भिवानी।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री आरती सिंह राव 11 जुलाई को भिवानी शहर स्थित प्राकृतिक चिकित्सालय में फिजियोथैरेपी सेंटर का उद्घाटन करेंगी। स्वास्थ्य मंत्री गांव बीरण में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों से भी रूबरू होंगी। स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय से जारी शेड्यूल के अनुसार कैबिनेट मंत्री आरती राव 11 जुलाई शनिवार को सुबह दस बजे गांव बीरण पहुंचेगी।

## खबर संक्षेप

### सीबीएलयू में पहली मेरिट सूची 13 को जारी होगी

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विवि (सीबीएलयू) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के विभिन्न स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहली मेरिट सूची 13 जुलाई को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट और संबंधित विभागों के सूचना पट्ट पर जारी की जाएगी। एडमिशन को-ऑर्डिनेटर प्रो. सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि इस बार 29 पीजी कोर्सों की मेरिट सूची प्रकाशित होगी। विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। साथ ही यूजी कोर्सों की रिक्त सीटों पर प्रवेश की अंतिम तिथि भी 30 जुलाई कर दी गई है। चयनित विद्यार्थियों की सूची प्रतिदिन दोपहर 12 बजे संबंधित विभागों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित होगी और उन्हें उसी दिन पंजीकरण व पाठ्यक्रम शुल्क जमा कराना होगा। विश्वविद्यालय ने रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के साथ एक साथ दो कोर्स करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई है।

### बीमा कंपनी की याचिका हुई खारिज, आंदोलन 20 के बाद

**भिवानी।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने रबी 2023-24 की सरसों फसल बीमा क्लेम मामले में क्षेमा बीमा कंपनी की याचिका खारिज कर किसानों के बकाया भुगतान का रास्ता साफ कर दिया। अखिल भारतीय किसान सभा ने इसे किसानों की ऐतिहासिक जीत बताया। सभा के नेताओं ने कहा कि भिवानी के किसानों का 52 करोड़ और चरखी-दादरी का 8 करोड़ रुपये सहित अन्य फसलों का क्लेम लंबित है। उन्होंने सरकार और बीमा कंपनी से जल्द भुगतान की मांग की। चेतावनी दी कि 20 जुलाई के बाद क्लेम प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो आंदोलन होगा। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में 24 जुलाई को भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह के आवास पर धरना भी दिया जाएगा।

### मिसरी में करंट लगने से युवक की मौत

**चरखी दादरी।** गांव मिसरी में पशुओं का चारा काटने के दौरान करंट लगने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मिसरी निवासी मोहित वीरवार शाम को अपने दोस्त रविंद्र के घर गया था। वहां वह पशुओं के लिए चारा काटने वाली मशीन पर काम कर रहा था। इसी दौरान किसी कारणवश मशीन में करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने मोहित को मशीन से अलग किया और उपचार के लिए दादरी के निजी अस्पताल में पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद मोहित की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर बौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल नवीन ने बताया कि मृतक के चाचा आनंद के बयान पर इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई अमल में लाई गई है। मोहित अविवाहित था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।

## शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर मुख्यालय ने प्रशासन को सराहा

# लंबित शिकायतों के निस्तारण में भिवानी प्रदेश में अव्वल: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर एवं सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ मुख्यालय से अतिरिक्त मुख्य सचिव पीसी मीणा ने वीसी के माध्यम से जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्यालय द्वारा लंबित शिकायतों के निस्तारण में भिवानी प्रशासन की सराहना की और बताया कि समग्र स्कोर में भी प्रदेश स्तर पर जिला भिवानी शीर्ष स्थान पर है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने अधिकारियों के साथ समाधान शिविर एवं सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की व शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक मामले में निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक शिकायत प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है और किसी भी पात्र व्यक्ति को न्याय दिलाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं एटीआर को सटीक और सही प्रारूप में भेजना सुनिश्चित करें।

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV
हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026
हरियाणवी संगीत का गौरव — हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान
1 अगस्त 2026 शनिवार
जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)
नॉमिनेशन के लिए केवल दो दिन बाकी
Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year
Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025
नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
or visit our website at :
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026
नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

## परेशानी: सोशल मीडिया पर होती रही जेई की खिंचाई

# टूटी सड़क बनी वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब

लोड वाले वाहनों को जेसीबी की मदद से निकालना पड़ता है दलदल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बहल से राजगढ़ रोड पर पिलानी बाइपास के समीप टूटी सड़क राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। जिस जगह से सड़क टूटी हुई है वहां पर दलदल बना हुआ है जिससे आने जाने वाले वाहन वहां धंस रहे हैं। खासकर दिल्ली से बीकानेर जाने वाले भारी वाहन चालक इस अव्यवस्था से खासे परेशान है।

पिछले करीब दो महीने से यह मार्ग जर्जर हाल में हैं। बारिश शुरू होने के बाद से ही सड़क में पहले से बने गड्ढे और ज्यादा गहरे हो गए हैं। गड्ढों में पानी और मिट्टी जमा होने के कारण सड़क मार्ग दलदल बना हुआ है। जब भी कोई भारी वाहन इस मार्ग से गुजरता है तो वह इस गहरे दलदल में धंस जाता है।



कई बार तो लोड वाले वाहनों को जेसीबी की मदद से इस दलदल से निकालना पड़ता है। इसके अलावा इस क्षेत्र के लोग भी भारी परेशान है। राजगढ रोड पर अनेकों बिल्डिंग मेटेरियल की दुकानें है और दिन भर रेती रोड़ी से भरे वाहन जब इस मार्ग से गुजरने है तो उनको भारी परेशानी उठानी पड़ती है। सरकारी दस्तावेजों में यह मार्ग असंध सुधीवास स्टेट हाईवे का हिस्सा है। पर, इसकी हालत लिंक रोड से ज्यादा बेहतर नहीं है। बहल से करीब तीन किमी दूरी पर सुधीवास गांव के बाद राजस्थान की सीमा शुरू हो जाती है। ऐसे में यह मार्ग दोनों प्रदेशों को जोडऩे का मुख्य मार्ग है। बीकानेर से मुगफली, क्लीकंर सहित अन्य सामान से भरे भारी वाहन दिन भर इस मार्ग से गुजरते हैं। पर, फिर भी लोक निर्माण विभाग इस मार्ग की हालत सुधारने को लेकर कतई गंभीर नहीं है।

### रोड को सुधारने के लिए डाले गए हैं पत्थर, जल्द सामग्री डाली जाएगी

लोक निर्माण विभाग के जेई वतन सिंह ने बताया बहल से राजगढ रोड को सुधारने के लिए उसमें पत्थर डाले गए हैं पर वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण पत्थर सेट नहीं हो पा रहे हैं। एक या दो दिन में पत्थर सेट होने के बाद ही इस पर दूसरी सामग्री डाली जाएगी। कोशिश रहेगी कि इसे जल्दी ही सुधारा जाए।

### फोटो सोशल मीडिया पर हो गई वायरल

शुक्रवार को जब इस मार्ग पर एक भारी वाहन दलदल में धंसा और उसे निकालने के लिए जेसीबी मंगवानी पड़ी तो उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। लोगों ने इस अव्यवस्था के लिए जहां सरकारी तंत्र को जमकर कोसा वहीं लोक निर्माण विभाग के जेई वतन सिंह के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली।



## म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

लाइफ Style




# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।

हॉलीवुड मसाला




## ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




## 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कनफर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




## मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना


**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




## द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

टीवी मसाला



## रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

### हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को



नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।

## सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

## राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों



में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।

### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

## लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।'यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की स्क्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

## खबर संक्षेप



### रोडवेज बस पर पेड़ गिरा कई यात्री हुए चोटिल

**बहल।** शुक्रवार दोपहर बाद आई तेज आंधी के चलते एक बड़ा हादसा होते होते बच गया। आंधी के कारण तोशाम मोड़ के समीप एक पेड़ वहां से गुजर रही बस पर जा गिरा। पेड़ गिरने से बस में बैठी सवारिया चोटिल हो गई जबकि बस क्षतिग्रस्त हो गई। बस पर पेड़ गिरने से सवारियों में चीख पुकार मची तो पास खेतों में काम करने वाले लोगों के अलावा राहगीर बचाव के लिए दौड़े। गनीमत रही कि किसी सवारी को गंभीर चोटें नहीं आई और सब सुरक्षित बच गए। वही, बस का आगे का शीशा टूट गया व आगे के हिस्से में नुकसान हुआ। सवारियों को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। घटना में चालक को भी चोटें आई। पेड़ गिरने से कुछ देर के लिए बहल भिवानी रोड भी बाधित रहा और वाहनों का आवागमन नहीं हो सका। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद रोड से पेड़ को हटाया जिससे यातायात सुचारू हुआ। लोगों ने कहा कि भगवान का शुक्र हुआ कि घटना में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई नहीं तो जन हानि हो सकती थी।

### नकल के 02 मामले दर्ज, पर्यवेक्षक को किया कार्यभार मुक्त

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा शुक्रवार को सेकेण्डरी की अंग्रेजी विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित करवाई गई। प्रदेशभर में अनुचित साधन प्रयोग के कुल 02 मामले दर्ज किए गए तथा 01 पर्यवेक्षक को कार्यभार मुक्त किया गया। शुक्रवार को आयोजित सेकेण्डरी की परीक्षा में प्रदेशभर के 25 परीक्षा केन्द्रों पर 3,637 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। बोर्ड अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने बताया कि उनके उड़न दस्ते ने जिला भिवानी के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा नकल रहित व सुव्यवस्थित संचालित हो रही थी। उन्होंने आगे बताया कि अध्यक्ष विशेष उड़नदस्ते द्वारा जिला झज्जर व चरखी-दादरी के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया तथा अनुचित साधन प्रयोग का 01 मामला दर्ज किया गया। परीक्षा केन्द्र राकवमावि, चरखी-दादरी-2(बी-1) पर परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरतने के कारण इस विद्यालय में नियुक्त पर्यवेक्षक जयवंती,पीजीटी , वाणिज्य को परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया। बोर्ड सचिव मुनीश शर्मा के उड़नदस्ते द्वारा जिला जीन्द व कैथल के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिला प्रश्न पत्र उड़नदस्ता, पानीपत द्वारा नकल का 01 मामला दर्ज किया गया।

### महिलाएं ही संगठन और समाज की असली शक्ति

**भिवानी।** जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा की एक संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने की, जबकि महिला मोर्चा की जिला प्रभारी बबीता तंवर इस अवसर पर विशेष तौर पर मौजूद रहीं। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने महिला कार्यकर्ताओं की ऊर्जा की सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसा राजनीतिक दल है जो महिलाओं की भागीदारी को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें नेतृत्व के अग्रिम मोर्चे पर खड़ा करता है। महिला मोर्चा की हर कार्यकर्ता हमारे संगठन की रीढ़ है।

### नपा अध्यक्ष ने झील में निर्माणाधीन योगा शेड का किया निरीक्षण

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के नपा अध्यक्ष सुंदर अत्री ने आज कस्बे की झील परिसर में निर्माणाधीन योगा शेड का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। अत्री ने कहा कि झील परिसर में योगा शेड के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को नियमित योग करने की सुविधा मिलेगी।

## भिवानी में खंड स्तर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

# निबंध लेखन में गरिमा और शानवी ने मारी बाजी

**प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, फॉक डांस व रोल प्ले में एसआरएस लैब स्कूल प्रथम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी में खंड स्तर पर रोल प्ले, फॉक डांस, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग व कार्टून मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित करके मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गिल ने किया तथा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। बीईओ गिल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता व सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। निबंध लेखन के वरिष्ठ वर्ग में कन्या स्कूल भिवानी की गरिमा व कनिष्ठ वर्ग में कन्या स्कूल मानहेरू शानवी ने प्रथम, स्लोगन लेखन में मॉडल संस्कृति स्कूल भिवानी की पायल व कन्या स्कूल बापोड़ा की मैत्री ने प्रथम तथा खंड स्तरीय फॉक डांस व रोल प्ले में एसआरएस लैब स्कूल ने प्रथम जीता।

फॉक डांस में विद्यार्थियों ने हरियाणवी सहित विभिन्न लोक संस्कृतियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रवेश गौतम ने बताया कि खंड फॉक डांस में एसआरएस लैब स्कूल भिवानी प्रथम, पीएमश्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी भिवानी द्वितीय व गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानहेरू तृतीय स्थान पर रहा। रोल प्ले में एसआरएस लैब स्कूल भिवानी ने प्रथम, राजकीय स्कूल बीरन ने द्वितीय तथा राजकीय स्कूल मुंढाल खुर्द ने तृतीय स्थान जीता। वरिष्ठ वर्ग में निबंध लेखन में राजकीय कन्या स्कूल भिवानी की गरिमा ने प्रथम, राजकीय स्कूल नवा राजगढ़ की कीर्ति ने द्वितीय व राजकीय कन्या स्कूल कलिंगा की साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, प्रेरणा गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल बापोड़ा, द्वितीय स्थान पर वैष्णवी, राधिका गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल भिवानी, तृतीय स्थान पर कीर्ति, इंदु गवर्नमेंट स्कूल नवा राजगढ़, स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल बापोड़ा की मैत्री, द्वितीय गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल विशाखा तथा तृतीय गवर्नमेंट स्कूल सांगा की भावना रही।







भिवानी। हरियाणवी समूह नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं व अतिथियों के साथ विजेता छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### कार्टून मेकिंग में दीपांशी रही अव्वल

कार्टून मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपांशी राजकीय कन्या वमा विद्यालय मानहेरू, द्वितीय स्थान नेहा कन्या विद्यालय भिवानी तथा तृतीय स्थान पर रविंद्र धिराणा स्कूल ने प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में निबंध प्रतियोगिता में कन्या स्कूल मानहेरू की शानवी प्रथम, मॉडल संस्कृति स्कूल भिवानी की वंशिका ने द्वितीय व पीएमश्री स्कूल मुंढालखुर्द की यशिका ने तृतीय, स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान पर पायल गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल भिवानी द्वितीय स्थान पर अनीशा गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल कलिंगा, पोस्टर मेकिंग में मोहित प्रथम स्थान पर गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल भिवानी, द्वितीय स्थान पर दीपांशु गवर्नमेंट सीनियर स्कूल व तृतीय स्थान पर अमृत गवर्नमेंट स्कूल बापोड़ा, कार्टून मेकिंग में प्रथम स्थान पर निशु पीएमश्री गवर्नमेंट स्कूल मुंढालखुर्द, द्वितीय स्थान पर नमन गवर्नमेंट स्कूल चांग, तृतीय स्थान पर पायल गवर्नमेंट स्कूल मानहेरू ने प्राप्त किया।

### सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका शीतल शर्मा, सरोज, मनोज भारत, सोनिया, मनीष, अशोक, जितेंद्र शास्त्री, मीनाक्षी शर्मा, ओमप्रकाश, सुनीता कुमारी, नीरज शर्मा, रितेश कुमारी, मुन्नी रानी, मनीष कुमार, सोनिया शर्मा, पूनम चौहान, आशा, शोभा रानी, जोगिंद्र, संदीप, मंजूबाला, शिवानी व रितु ने निभाई।

## बीके. स्कूल में स्वयंसेवकों के लिए कार्यक्रम का आयोजन

- स्वयं भी नशे से दूर रहें एवं दूसरों को भी इसके प्रभाव से बचाने में सहायता करें : सुरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस स्वयंसेवकों के मार्गदर्शन हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एस.एच.ओ. सुरेश कुमार ने शिरकत की। उनके साथ उनके सहयोगी हेड कांस्टेबल देवेंद्र कुमार भी पधारे। विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि का विद्यालय पधारने पर आभार व्यक्त करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत सत्कार किया। कक्षा आठवीं की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि ने स्वयं सेवकों को साइबर क्राइम, नशा मुक्त हरियाणा एवं यातायात के नियमों से अवगत करवाते हुए उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आती जा रही है, जिसका समाज के विकास में नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए स्वयं भी नशे से दूर रहें एवं दूसरों को भी इसके प्रभाव से बचाने में सहायता करें। उन्होंने साइबर क्राइम पर प्रकाश डालते हुए भी कहा कि हमें साइबर क्राइम से बचने के लिए दैनिक जीवन में प्रत्येक क्षण सावधानी बरतनी चाहिए।

## आनंद स्कूल में विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर के आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में विश्व जनसंख्या दिवस, नशा एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस तथा प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्किट, नाटक, भाषण और कविताओं के माध्यम से बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों, नशे के दुष्प्रभाव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी को सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, मानवीय संवेदनाओं और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने, जनसंख्या संबंधी जागरूकता फैलाने तथा प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्राप्त कर जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।



बवानीखेड़ा। आनंद स्कूल में कार्यक्रम में संबोधित करते हुए।



### भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित एवं अनुशासित कार्यकर्ताः सुनील

**चरखी दादरी।** दादरी स्थित जिला कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा की जिला कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जिसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित एवं अनुशासित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे तथा केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली जनकल्याणकारी नीतियों एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस मौके पर जिला महामंत्री एडवोकेट राष्ट्रदीप परमार, रविंद्र शिलगर, जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय फोगाट, जिला उपाध्यक्ष जगदीश आदि मौजूद रहे।

## शहर में गंभीर होती जा रही अतिक्रमण की समस्या, नहीं हो रही ठोस कार्रवाई

- दुकान के बाहर सामान रखने, रेहड़ी-फड़ी के कारण सड़कें हो रही संकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



शहर में अतिक्रमण की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। नगर परिषद की ओर से समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाता है, लेकिन अभियान समाप्त होते ही स्थिति दोबारा पहले जैसी बन जाती है।

स्थायी और प्रभावी कार्रवाई के अभाव में शहर के लगभग सभी मुख्य मार्गों और बाजारों में दोबारा अतिक्रमण हो जाता है, जिससे आमजन और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि दादरी शहर में अतिक्रमण कोई नई समस्या नहीं है। शहर के मुख्य बस स्टैंड रोड, तहसील रोड, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, डॉ. आंबेडकर चौक से रेलवे रोड, मेन बाजार आदि स्थान हैं, जहां दुकानों के बाहर सामान रखने, अस्थायी ढांचे लगाने और रेहड़ी-फड़ी खड़ी करने के कारण सड़कें संकरी होती जा रही हैं। इसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है। दिनभर मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

## किसान भी नहीं कर सकेंगे अनावश्यक भंडारण

# उर्वरक के साथ अन्य सामान थोपने वाले दुकानदार नपेंगे

***उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त, अनावश्यक भंडारण करने वालों का होगा सत्यापनः फोगाट***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। रेलगाड़ियों से यूरिया खाद उतरवाते हुए।

खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक भंडारण एवं दुरुपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। कम समय में असामान्य मात्रा में यूरिया की खरीद करने वाले किसानों का सत्यापन होगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ विनोद फोगाट ने बताया कि जिले में यूरिया एवं डीएपी सहित सभी प्रमुख उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा किसानों को किसी प्रकार की घबराहट में आवश्यकता से अधिक उर्वरक खरीदने की आवश्यकता नहीं है। विभाग लगातार सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा ऐसे किसानों का सत्यापन किया जाएगा, जिन्होंने कम समय में असामान्य मात्रा में यूरिया की खरीद की है। सत्यापन के दौरान यह देखा जाएगा कि संबंधित किसान के पास उपलब्ध भूमि, बोई गई फसल एवं वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप ही उर्वरक खरीदा गया है या नहीं।

### प्रत्येक बिक्री का बिल जारी करें

डॉ. फोगाट ने कहा कि सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक बिक्री का बिल जारी करें तथा किसान की पहचान एवं भूमि विवरण का सही रिकॉर्ड रखें। विभागीय अधिकारी नियमित रूप से उर्वरक गोदामों, पीओएस मशीनों एवं स्टॉक का निरीक्षण कर रहे हैं ताकि उपलब्ध स्टॉक और बिक्री का मिलान किया जा सके। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे केवल अपनी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक खरीदें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है या निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूली जाती है, तो इसकी सूचना तुरंत कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी को दें। दोषी पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कड़ी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी




### विनय को मिला आईआईटी में प्रवेश

**तोशाम।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लेघा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विनय पुत्र प्रदीप को जेईई एडवांस में अतुलनीय सफलता प्राप्त कर आईआईटी धनबाद में प्रवेश मिलने पर सम्मानित किया गया। विनय को ग्राम पंचायत व कैरू खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान बीईओ महेंद्र सिंह ने बताया कि विनय शुरू से ही अच्छा व मेहनती विद्यार्थी रहा है उनके इस विद्यालय में कार्यकाल के दौरान ही विनय ने विभिन्न जिला, राज्य व राष्ट्रीय सत्र की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी सफलता पाई है। प्राचार्य व सरपंच अशोक कुमार व कृष्ण कुमार ने सभी विद्यार्थियों को अनुशासन और लग्न के साथ काम करने से मिलने वाले परिणाम के रूप में विनय की पहचान करवाई।



### पीड़ित को आर्थिक सहायता देने की मांग

**भिवानी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व सचिव मण्डल सदस्य सुखदेव पालुवास चौधरी बंशीलाल नागरिक अस्पताल में अस्पताल की वार्ड आठ की छत का प्लास्टर गिरने से घायल व उपचाराधीन मजदूर जितेन्द्र कुमार व उसके परिवार से मिले व हालचाल जाना। कल दोपहर को चोट लगने का पता लगते ही कामरेड ओमप्रकाश आपात विभाग में पहुंचे तथा पीएमओ डॉ. बलवान सिंह से मिलकर घायल जितेन्द्र का मुफ्त इलाज करने व उसके परिवार को आर्थिक सहायता करने की मांग की थी।



### स्टूडेंट लोन योजना की दी जानकारी

**भिवानी।** भाविप के स्थापना दिवस पर शुक्रवार को गांव पालुवास स्थित रावमावि में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम परिषद की शहीद मदनलाल ढींगडा शाखा द्वारा आयोजित किया, जिसका मुख्य उद्देश्य 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत करवाना तथा उनकी करियर काउंसलिंग करना था। कार्यक्रम में पीएनबी के प्रबंधक दलवीर सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को बैंक की कार्यप्रणाली समझाते हुए छात्रों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी और आधुनिक बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी।



### वार्डों और बूथों में वोटों पर पूरी निगरानी रखें

**बाढ़ड़ा।** पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को बाढ़डा में हलके के जजपा के बीएलए-2 की बैठक में कोई वोट छूटे ना, सही वोट कटे ना, फर्जी वोट रहे ना के संदेश के साथ प्रत्येक कार्यकर्ता को मजबूती से अभियान को कामयाब बनाने व एक की बजाए तीन-तीन एजेंट तैनात रख ने का आह्वान किया। रायल रिसोर्ट में हलका अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व उपमु मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि एसआईआर के दौरान जजपा के सभी बूथ लेवल एजेंट सक्रिय होकर प्रशासन के साथ अपने-अपने वार्डों और बूथों में वोटों पर पूरी निगरानी रखें। जब आपका बूथ मजबूत होगा, तभी आपका गांव मजबूत होगा जब गांव मजबूत होगा तो हलका मजबूत होगा और तभी प्रदेश में आपकी पार्टी मजबूत होगी।



### परिजनों से मिली मासूम बच्ची

**भिवानी।** भिवानी रेलवे स्टेशन पर डरी एवं सहमी स्थिति में मिली लावारिस बच्ची को बाल कल्याण समिति, राजकीय रेलवे पुलिस और विभिन्न राज्यों की पुलिस टीमों के अथक प्रयासों के बाद सुरक्षित उसके पिता के सुपुर्द कर दिया है। सीडब्ल्यूसी के सदस्य अधिवक्ता धीरज सैनी ने बताया कि गत 8 जुलाई को भिवानी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को अज्ञात बच्ची मिली। बच्ची अपना नाम या सही ढंग से अपने घर का पता नहीं बता पा रही थी। जीआरपी भिवानी ने तुरंत बाल कल्याण समिति से संपर्क किया और बच्ची को सुरक्षित संरक्षण में लिया। बच्ची के परिजनों की तलाश के लिए व्यापक और त्वरित अभियान शुरू किया। शुक्रवार को समिति और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में बच्ची को सुरक्षित उसके पिता के हवाले किया।



### मेधावी बेटियों के सम्मान में गूंजा कैरू

**भिवानी।** शुक्रवार को कैरू स्थित राजकीय कन्या वमावि में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बडगूजर रहे, जिन्होंने छात्राओं की प्रतिभा की जमकर सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या शर्मा ने इस मौके पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण बड़ी उपलब्धि होगी

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है, उक्त शब्द भाजपा के पूर्व प्रदेश सहमीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कहे। वधवा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 17 जुलाई को जींद में देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ भारत के हरित भविष्य की दिशा में नया अध्याय लिखेगा। वधवा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जींद दौरा केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित भारत-2047 के संकल्प को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक अवसर है।

**खबर संक्षेप**

## अवैध निजी विद्यालयों पर प्रशासन का शिकंजा शुरू

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित निजी विद्यालयों और विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। हाल ही में हुई जांच के बाद एक अवैध रूप से चल रहे निजी विद्यालय की रिपोर्ट को खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह द्वारा उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है, जबकि सोमवार से व्यापक स्तर पर जांच और कार्रवाई अभियान चलाए जाने की तैयारी है।

## स्कूली बच्चों ने नर्सरी का शैक्षणिक भ्रमण किया

**बाढड़ा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला, कारी दास के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय वन विभाग की नर्सरी का एक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों को प्रकृति के नजदीक आने का अवसर मिला और उन्हें वन विभाग की ओर से निःशुल्क पौधे भी भेंट किए गए। भ्रमण कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे खंड सहायक समन्वयक सुंदर पाल फौगाट ने बच्चों को नर्सरी की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

## सर्वे से मिलेगा प्रवासन और किसानों का डेटा

**भिवानी।** देश में प्रवासन की बदलती प्रवृत्तियों, परिवारों की ऋण व निवेश स्थिति तथा ग्रामीण कृषक परिवारों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का सटीक आकलन करने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जुलाई से बड़ा देशव्यापी सर्वेक्षण शुरू किया है। इन सर्वेक्षणों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों से विश्वसनीय आंकड़े एकत्रित करना है। जून 2027 तक चलने वाले इस महासर्वेक्षण को सफल बनाने के लिए एनएसओ ने आमजन से सहयोग की अपील की है।

## बीआईएस ने उपभोक्ताओं को किया जागरूक

**भिवानी।** बहल में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) हरियाणा शाखा कार्यालय ने शाइन पहल के तहत महिला उपभोक्ताओं को गुणवत्ता, मानकीकरण और उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी। 41 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और फेडरेशन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन डॉ. प्रदीप लौरा ने आईएसआई मार्क, हॉलमार्किंग, अनिवार्य पंजीकरण योजना और बीआईएस प्रमाणित उत्पादों की जानकारी दी।

### पेयजल से सींचे जा रहे थे फलों के बाग, घरों में पेयजल संकट से हा-हाकार

# गांव पालुवास में जनस्वास्थ्य विभाग की छापेमारी, अवैध कनेक्शन व मोटरें पकड़ी

- रसूखदार मुख्य पाइप लाइन पर दो-दो मोटरें लगाकर कर रहे पेयजल की चोरी
- जब्त होगी मोटरें, एफआईआर होगी दर्ज: जेई बिजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सरकार व जनस्वास्थ्य विभाग जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल व नल से स्वच्छ जल के संकल्प को पूरा करने के लिए जी-जान से जुटा है, लेकिन धरातल पर कुछ लोगों की लापरवाही एवं स्वार्थी रवैया महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगा रहा है। मामला गांव पालुवास से सामने आया है, जहां पीने के साफ पानी का इस्तेमाल घरों की प्यास बुझाने के बजाय अवैध रूप से फलों के बाग सींचने के लिए किया जा रहा था। इस वजह से पूरी गली के लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे थे। बार-बार मिल रही शिकायतों के बाद शुक्रवार सुबह जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिना किसी पूर्व सूचना के गांव में औचक छापेमारी की, जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। ग्रामीणों की शिकायत थी कि जलापूर्ति का समय बढ़ाए जाने के बावजूद उनके घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। समस्या की जड़ का पता लगाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के जेई बिजेश जावला विभागीय कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के साथ तड़के ही प्रभावित गली में पहुंच गए। जांच के दौरान सामने आया कि अनेक घरों में नियमों को ताक पर रखकर दो या तीन कनेक्शन ले रखे थे। हद तो तब हो गई जब अधिकारी ने देखा कि लोगों ने सीधे मुख्य पाइप लाइन पर दो-दो टुल्लू पंप लगा रखे थे, जिससे भी बड़ा खुलासा एक ही गली में स्थित तीन खाली प्लॉटों को देखने पर हुआ। इन तीनों प्लॉटों में रसूखदारों ने फलों के बड़े-बड़े बाग लगा रखे हैं।





भिवानी। बाग में अवैध रूप से चलती मोटर दिखाते जनस्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता बिजेश जावला व छापेमारी अभियान के दौरान जेई जावला ने जब्त की पाइप लाइन पर सीधी लगी मोटरें।

### घर में अंडर ग्राउंड टैंक बनवाएं

पानी लेने की सही प्रिक्रिया है कि उपभोक्ता को अपने घर में एक अंडर ग्राउंड टैंक बनाना चाहिए। विभाग की लाइन से पानी बिना किसी मोटर के प्राकृतिक दबाव से सीधे उस अंडर ग्राउंड टैंक में गिरना चाहिए। इसके बाद उपभोक्ता टैंक से पंप चलाकर घर की छत पर रखी पानी की टंकी को भर सकता है। जेई बिजेश जावला ने कहा कि विभाग हर घर में जन-जन तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमने जनता की सहूलियत के लिए पानी की सप्लाई का समय भी बढ़ाया था, लेकिन कुछ लोगों की वजह से दूसरों का हक मारा जा रहा है। पानी की पाइप लाइन पर सीधे मोटर लगाना और बाग सींचना कानूनन अपराध है, इस पर हम सख्त कार्रवाई करेंगे।

### पानी व बिजली का करें जरूरत अनुसार प्रयोग: जावला

जेई जावला ने बताया कि वे सुबह अचानक पालुवास पहुंचे और क्षेत्रवासियों व शिकायतकर्ता को साथ लेकर जांच की। जांच में देखा कि घर की छत पर रखी पानी की टंकी ओवरफ्लो कर रही थी तो मकान मालिक को मोटर बद करने को बोला। मोटर बंद करने पर भी टंकी ओवरफ्लों करती रही और इसके साथ लगते मकान में पानी नहीं पहुंच रहा था, जो बुस्टर से मात्र 600 मीटर दूरी पर हैं। इसके बाद साथ लगते खाली प्लॉट में देखा तो उसमें मोटरें चल रही थी। बंद प्लॉट में पाइप लाइन पर पानी के दो तीन कनैक्शन कर रखे थे, जिन्हें बंद करवाया और मोटरे जब्त की। इसके बाद शिकायतकर्ता के घर में बिना मोटर के पानी पहुंच गया। उन्होंने कहा कि बिजली पानी का जरूरत अनुसार ही प्रयोग किया जाना चाहिए, ताकि उसकी बर्बादी न हो और भविष्य में उसके घातक परिणाम देखने को न मिले।



चरखी दादरी। कैम्प कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुनील सांगवान।

## दादरी के विकास में नहीं रहने दी जाएगी कमी : विधायक सांगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

दादरी विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के त्वरित निपटारे को लेकर विधायक सुनील सांगवान ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों से संवाद कर उनके विचार, सुझाव और समस्याएं सुनीं। विधायक सांगवान ने कहा कि जनता से मिलकर उनके सुख-दुःख साझा करना और उनकी बात सुनना उनके सार्वजनिक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक हिस्सा है। विधायक सुनील सांगवान ने जनसंवाद के दौरान सामने आईं शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया, जिन समस्याओं का मौके पर समाधान संभव था, उनके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन पर तुरंत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि क्षेत्र के किसी भी नागरिक को अपनी मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े और न ही लंबा इंतजार करना पड़े।

### राजनीति पवित्र दायित्व

विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि मेरे लिए राजनीति केवल पद हासिल करना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करने का एक पवित्र दायित्व है। दादरी की जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है, जो उन्हें क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए लगातार मेहनत करने की ऊर्जा देता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार दादरी क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही हैं और सभी विकास कार्य पूरी तेजी से प्रगति पर हैं।

## खाद की कमी और बायोमेट्रिक सुविधा न होने से किसान परेशान, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बाढड़ा।** बाढड़ा। खरीफ सीजन में खाद की कमी और बायोमेट्रिक सत्यापन की सुविधा नहीं होने से डांडमा सहित आसपास के गांवों के किसान परेशान हैं। शुक्रवार को किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर डांडमा खाद बिक्री केंद्र पर नियमित खाद आपूर्ति और अंगूठा सत्यापन की व्यवस्था शुरू करने की मांग की। किसानों ने बताया कि यूरिया, डीएपी सहित अन्य उर्वरक समय पर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं और बायोमेट्रिक के लिए उन्हें कारी धारणी जाना पड़ता है। इससे समय और धन की बर्बादी हो रही है। कर्मवीर, महेंद्र सिंह, नरेश, पवन कुमार, विकास, कृष्ण कुमार, विजयपाल, संदीप, नवीन, सत्यपाल सहित डांडमा आदि मौजूद रहे।

## 100 छात्राओं व स्टाफ की रक्त जांच

- सशक्त समाज के निर्माण के लिए बेटियों का स्वस्थ होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बेटियों के स्वास्थ्य संवर्धन और उन्हें एनीमिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को महम गेट स्थित पंडित सीताराम शास्त्री गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में स्कूल की 80 छात्राओं और 20 स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य व रक्त की जांच की गई। इस सकारात्मक पहल का उद्देश्य न केवल एनीमिया की पहचान करना था, बल्कि छात्राओं को बेहतर पोषण और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति प्रेरित करना भी था। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा शेखावटी ब्रह्मचर्य आश्रम समिति के प्रशासक शुकदेव मुनि ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सोनिया कौशिक ने की। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर परिषद सचिव मीनाक्षी शर्मा, राजेश शर्मा, संध्या गर्ग, सरिता बजाज, महावीर प्रसाद तायल, विजय कुमार गुप्ता, गोपाल शर्मा, सज्जन कुमार सोनी, सज्जन अग्रवाल, गजानंद शर्मा, सतीश लिखा, नितिन अग्रवाल, सुरेश कुमार, अशोक महता भी मौजूद रहे।



भिवानी। मुख्यअतिथि को पौधा देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ देगा सांसद को ज्ञापन

**भिवानी।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की भिवानी इकाई 15 जुलाई को शिक्षक पात्रता परीक्षा जो कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने 13 मई 2026 के फैसले में 2010 से पूर्व लगे हुए शिक्षकों पर भी लागू कर दी है के विरोध में सांसद को ज्ञापन सौंपेगी। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर और जिला प्रेस प्रवक्ता अनिल सांगवान ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने जो फैसला 2010 से पूर्व लगे शिक्षकों पर थौपा है। वह अव्यावहारिक और कानूनी रूप से भी गलत है क्योंकि 2010 से पूर्व लगे शिक्षक उनकी भर्ती के समय जो नियम लागू थे उनको पूरा करके ही भर्ती हुए थे और अब उन शिक्षकों की आयु कम से कम 45-46 वर्ष से ज्यादा हो गई है। इस उम्र में वे विद्यालय में बच्चों को पढ़ाए ,अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाएं या फिर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा थौपी गई पात्रता परीक्षा की तैयारी करें।

## सीबीएलयू में 8 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

- विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगाए जाएंगे आठ हजार पौधे : प्रो. दीप्ति धर्माणी
- बढ़ते प्रदूषण-जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए करें पौधरोपण : सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के प्रेमनगर स्थित नए परिसर में मेगा वृक्षारोपण अभियान-2026 का आयोजन किया गया। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और एनएसएस इकाई के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-कम-सचिव डीएलएसए पवन कुमार ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पौधारोपण जरूरी है। उन्होंने लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 8 हजार पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें से 2 हजार पौधे उनके द्वारा उपलब्ध करवाए गए हैं।कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि विश्वविद्यालय हरित परिसर बनाने के लिए लगातार पौधारोपण अभियान चला रहा है। अभियान का समन्वय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुरेश मलिक, एनएसएस समन्वयक डॉ. आशा पूनिया तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा रानी, डॉ. विजय जांगड़ा, नवीन कुमार एवं डॉ. दीपक कुमारी द्वारा किया गया।



भिवानी। सीबीएलयू परिसर में पौधारोपित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## महिला समर्थ संस्थान पुरस्कार योजना 2026 के लिए आमंत्रित किए आवेदन

**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य में सुरक्षित, समावेशी और महिला अनुकूल कार्यस्थलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला समर्थ संस्थान पुरस्कार योजना-2026 की शुरुआत की गई है। महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक, न्यायसंगत और सहायक कार्य वातावरण तैयार करने वाले संस्थानों से योजना में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदनों का स्थलीय सत्यापन और स्कोरिंग उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा की जाएगी। सत्यापन और स्कोरिंग की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है और 15 अगस्त को राज्य स्तर पर पुरस्कार प्रदान किए जाने हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य में सुरक्षित, समावेशी और महिला अनुकूल कार्यस्थलों को बढ़ावा देने की नीति के तहत महिला समर्थ संस्थान पुरस्कार योजना-2026 की शुरुआत की गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## बागवानी नर्सरी एक्ट लागू, लाइसेंस होगा जरूरी : डीएचओ

**भिवानी।** राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, बागवानी को प्रोत्साहित करने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर दूरदर्शी और किसान हितैषी नीतियां लागू कर रही है। राज्य सरकार की ओर से हरियाणा बागवानी नर्सरी एक्ट-2025 को लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य फलों, फूलों, सब्जियों, औषधीय पौधों व अन्य बागवानी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले पौधे किसानों और उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराना है। डीएचओ देवीलाल ने बताया कि हरियाणा हॉर्टिकल्चर नर्सरी अधिनियम, 2025 तथा हरियाणा हॉर्टिकल्चर नर्सरी नियम, 2026 को प्रदेश में लागू कर दिया गया है।

## कर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर किया विचार-विमर्श, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन शुक्रवार को स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला प्रधान जयप्रकाश पुनिया ने की, जबकि संचालन जिला सचिव बिजेंद्र कादमा ने किया।सम्मेलन में कर्मचारियों की लंबित मांगों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से 14 सूत्रीय मांगपत्र भेजा गया।

राज्य प्रधान ईश्वर शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की बकाया एलटीसी जारी करने, पुरानी एलटीसी नीति लागू करने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी भत्ता देने, दुर्घटना में मृत्यु पर 50 लाख रुपये बीमा राशि और एचकेआरएन, ट्रांसपोर्ट व पंचायत कर्मियों को नौकरी की सुरक्षा देने सहित कई मांगें प्रमुख हैं।उन्होंने कहा कि मांगों के समाधान तक कर्मचारी एकजुट होकर संघर्ष जारी रखेंगे। सम्मेलन में राज्य व जिला पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।



चरखी दादरी। सम्मेलन के दौरान मौजूद यूनियन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



## एसडीएम द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजर को किया सम्मानित

**तोशाम।** एसडीएम संदीप कुमार द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय मे मतदाता सूची में एसआईआर का कार्य जिन बीएलओ ने 100 प्रतिशत पूर्ण कर दिया है। सभी बीएलओ एवं उनके संबंधित सुपरवाइजर को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं राष्ट्रीय समारोह में सम्मानित करवाने की घोषणा की। बूथ नंबर 15 किरावड़ के बीएलओ रविंद्र वीएलडीए और बूथ नंबर 153 हसान के बीएलओ धर्मबीर जेबीटी ने सबसे पहले एसआईआर का काम पूरा करके दूसरे बीएलओ का सहयोग किया। 58-तोशाम विधान विधानसभा क्षेत्र के पंजीयन अधिकारी कम एसडीएम ने एईआरओ, सुपरवाइजरों व बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को पुनरीक्षण कार्य की बूथ वाइज समीक्षा करके निर्देश दिए कि वेबाकि बचें बूथों पर एसआईआर का कार्य पूरी गंभीरता, निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारीर से करवाए। उन्हीने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों अनुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण किया गया है। सुपरवाइंजर व बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिया की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

### ऑनलाइन पोर्टल, उप-प्राचार्य पद और परीक्षा से छूट पर बनी सहमति : राजबीर

# पीजीटी शिक्षकों की 26 मांगों पर निदेशक से हुई वार्ता, कई मांगों पर जल्द कार्रवाई का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा की अगुवाई में स्कूल शिक्षा निदेशक जितेंद्र कुमार आईएएस से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान संगठन द्वारा लेक्चरर (पीजीटी) वर्ग की लंबे समय से लंबित पड़ी 26 सूत्रीय मांगों का एक मांग पत्र महानिदेशक को सौंपा। बैठक बेहद सकारात्मक माहौल में हुई, जिसमें निदेशक ने शिक्षकों की कई महत्वपूर्ण मांगों को तुरंत स्वीकार करते हुए जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने का लिखित व मौखिक आश्वासन दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक और उसमें मिली सफलताओं को लेकर सलाह संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा धारेडू नेबैठक के मुख्य बिंदुओं और संगठन की आगामी रणनीति पर प्रकाश डाला। महासचिव अनिल सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष अजय मलिक, चेयरमैन गुरदीप सैनी, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संदीप फौगाट, नंद किशोर, अरुण, सतबीर सिंह, जितेंद्र सिंह, अनिल कुमार, राकेश आदि मौजूद रहे।



भिवानी। मांगों को लेकर निदेशक से मुलाकात करते सलाह के सदस्य।

### शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर बल

राजबीर धारेडू ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की बात करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए स्कूलों में विषय अनुसार 35:1 का छात्र-शिक्षक अनुपात लागू होना चाहिए। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि शिक्षकों से किसी भी प्रकार का गैर-शैक्षणिक कार्य न लिया जाए और ग्रीष्मकालीन या शीतकालीन अवकाश के दौरान उनकी ड्यूटी व ट्रेनिंग न लगाई जाए, ताकि वे अपने पारिवारिक दायित्वों को सही से पूरा कर सकें। इसके अलावा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में लाइब्रेरी व एसआईएम के पद स्वीकृत कर भरने और भूगोल विषय वाले स्कूलों में उचित प्रयोगशालाएं स्थापित करने की भी मांग की गई है।

## व्यायामशालाओं के नवीनीकरण के लिए 1.10 करोड़ का बजट स्वीकृत

**बाढड़ा।** कस्बे के जुई रोड़ स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में चेयरपर्सन दर्शना देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में एक करोड़ 10 लाख की लागत से ग्रामीण आंचल में नए पार्क निर्माण, व्यायामशालाओं के नवीनीकरण करने, गंदे जल की निकासी व सीवरेज एवं युवाओं के लिए तैयार व्यायामशालाओं में खेल सुविधाएं बढ़ाने से जुड़ी योजनाओं को स्वीकृति दी गई। पंचायत समिति चेयरपर्सन दर्शना देवी की अध्यक्षता में संचालित पंचायत समिति की बैठक की कार्यवाही का संचालन बीडीपीओ दीपक शर्मा ने किया। बैठक में सरकार द्वारा पिछली विकास योजनाओं के क्रियांवन पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए खंड विकास के लिए संचालित योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।